महोदय, मैं यहां पर एक और बात रखना चाहता हूं। The egg donor's interests are subordinated in the Bill. The donor receives no compensation or reimbursement of expenses for loss of salary, time and effort. Failing to get pay for bodily services constitute free labour which is prohibited under Article 23 of the Constitution of India.

यह मैं नहीं कह रहा हूँ। मैं 'डॉ. सुधा चन्द्रशेखर, कंसल्टेंट, टाटा ट्रस्ट हेल्थ सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन प्लेटफार्म' को कोट कर रहा हूँ। She also said that State level Registration Authority to be established to oversee ART practices as per the Bill must include an Obstetrician or Gynaecologist and not just an MBBS doctor. क्योंकि इन्फर्टिलिटी और आई.वी.एफ. में जो फर्क है, उसे हम जैसे लोग नहीं समझ सकते हैं। यहां पर जिन डॉक्टर्स ने चर्चा में भाग लिया था, उनसे हमने बहुत कुछ सीखा है। इसमें हमें लगता है कि यह बहुत

जटिल प्रक्रिया है और यह चीज भी जटिल है। जब चीज जटिल होती है तो हमें सावधानी बरतना भी जरूरी होता है। इसलिए मैं समझता हूँ कि आप ज्यादा जल्दबाजी कर रहे हैं। आप जल्दबाजी इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि इस लेजिसलेशन के आने से पहले एक और लजिसलेशन आया, एक लेजिसलेशन आने के बाद एक और लेजिसलेशन आ गया तो आप बिल्कुल प्रिमैच्योर लेजिसलेशन ला रहे हैं। As per the provisions of the proposed Bill, the National and State Boards established under the Surrogacy Act 2020 are to function as Boards to oversee ART. The Surrogacy Bill, 2019 has only been passed in the Lok Sabha and is not yet an Act of law. यह बहुत बड़ा मुद्दा है। आप जो मर्जी बोल देते हैं तो ऐसा नहीं होगा। यह सदन है और सदन की कार्यवाही में नियम-कानून का जो अलग तरीका है, उसे आपको मानते हुए, उनका पालन करते हुए चलना चाहिए। This betrays the haste on the part of the Government to proceed with a Bill when it is incumbent on another pending legislation. इस बिल में बड़ी अस्पष्टता दिखाई दे रही है और आप इस बिल को पास करके गलती कर रहे हैं, ऐसा हमें प्रतीत होता है। आसमान तो टूट नहीं पड़ेगा, जब आप इतने सालों से रुके हुए हैं और दो-दो स्टैंडिंग कमेटीज़ बनी हुई हैं। एक सेरोगेसी पर बनी हुई है और दूसरी ए.आर.टी. पर बनी हुई है तो आपको ध्यान से सारे विशेषज्ञों को लेकर एक कॉम्प्रिहेंसिव होलिस्टिक लेजिसलेशन बनाना चाहिए, जिसमें हम इस तरह के लूपहोल्स ना दर्शाएं। आपको देखना पड़ेगा कि इस तरह के लूपहोल्स प्रतीत ना हो पाएं। आप आई.सी.एम.आर. की गाइडलाइन को भी इग्नोर कर रहे हैं। The ICMR guidelines published in 2005 were more inclusive as live-in couples were eligible thereunder. The guidelines also included minimum standards such as for ART counselling, clinics, laboratories, personnel and procedure. However, these have been left to the proposed National Board to prescribe. इस बिल में इसका प्रावधान क्यों नहीं रहेगा? इसमें एक और चीज है, जिसे ध्यान से देखना चाहिए। The right of child to seek donor. बच्चे को मालूम होना चाहिए कि डोनर कौन है। जब बच्चों को होश आता है तो वे अपने माता-पिता को ढूँढ़ते हैं। यह दुनिया का धर्म है, लेकिन आप यह भी छीन

रहे हैं। The ICMR guidelines provide that any child born through ART should have the right to seek information about the donor except the individual identity. If they apply for such information after attaining 18 years of age, आप क्या करोगे? 18 वर्ष के बाद वे वोटर बन जाते हैं। वोटर बन जाने से उन्हें पता नहीं लगेगा कि उनके माता-पिता कौन है। The Bill is silent on the right of the child to seek information on reaching adulthood. आप हमारे बच्चों के लिए बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं, जो ए.आर.टी. के जरिए दुनिया में आने वाले हैं। It may be noted that while ART clinics and banks are not restricted from operating, the Government has pushed for a ban on commercial surrogacy as per the provisions of the Surrogacy Bill, 2019. Some women activists have suggested that commercial surrogacy be reframed as compensated surrogacy and have pushed for women's right to be compensated for being a surrogate.

सबसे बड़ी जिम्मेदारी लेती हैं हमारी महिलाएं। इस दुनिया में हम सदियों से यह तहजीब बनाकर देश चलाते हैं कि the worth of a woman is to be determined by the productivity of the womb, लेकिन हम नहीं मानते हैं कि एक महिला को सिर्फ एक वूम की हैसियत से माना जाए। उनकी बहुत सारी गुणवत्ता है, क्वालिटी है, पोटेंशियलिटी है, लेकिन किसी भी सूरत में महिलाओं को वंचित न होने देने का प्रावधान इस बिल में रखना चाहिए।

दूसरी बात है – कम्प्लेंट मैकेनिज्म। Under the proposed legislation, an aggrieved party cannot directly approach the court. Only the National Board or the State Board or any officer authorised by the State Board can approach the court. This is problematic as it could interfere with the person's right to justice. इसे आपको एड्रेस करना पड़ेगा।

Coming to posthumous reproduction after the person dies, it refers to reproduction by using the gamete of a deceased person. The Standing Committee suggested that posthumous reproduction should be permitted

even in the absence of prior consent of the deceased unless the deceased has previously objected to this. आप बैंक बनाते हैं, उस बैंक में किसी ने रखा है, वह मर भी सकता है, लेकिन उसके बाद क्या होगा? उससे सहमति न मिलने तक क्या आप वह सीमेन या गैमेट इस्तेमाल कर सकते हैं? यह एक बड़ा मुद्दा है, इस पर आप ध्यान दीजिए।

सर, एक अन्य मुद्दा है – स्टैडर्डाइजेशन । इसके बारे में भी कमेटी ने जिक्र किया है। The Committee noted that the cost of ART services varies across clinics. It recommended that Standard Operating Procedures should be formulated to ensure the uniform cost of ART services and global quality standards. Further, a monitoring mechanism should be set up under the National Board to prohibit commercialisation of the ART services by private service providers. मैं जानता हूं कि आप कॉरपोरेट्स की कंसर्न्स ज्यादा समझते हैं, लेकिन फिर भी हमें यह देखना पड़ेगा कि कॉमर्शियलाइजेशन के चलते हमारे गरीब लोगों के ऊपर बुरा असर न पड़े। आप यह बात देखिए। हिन्दुस्तान में इनफर्टिलिटी के चलते हम लोग जो तरीके अपनाते हैं, जैसे आईवीएफ और अन्य बहुत सारे अलग-अलग तरीके हैं, उनमें लोगों को न्यूनतम कितना पैसा खर्च करना पड़ता है या एक व्यक्ति को इसमें न्यूनतम क्या खर्च करना जरूरी होता है? इसके लिए क्या सरकार की कोई सोच है कि कोई भी हो, हम अपनी किसी भी महिला के वूम को बैरेन नहीं रहने देंगे? जो महिला मां बनना चाहती है, उसको मां बनाने की जिम्मेदारी देश की है, राष्ट्र की है, इसलिए जिनको ऐसी तकलीफ है, उस तकलीफ से ऊपर उठाने के लिए और उनको मां बनाने के लिए गरीब लोगों को सुविधा देने के लिए आपकी क्या सोच है?

The Committee also recommended that the Department of Health Research should clearly define the role of ART banks and the specialists required in them for the screening of gamete should be done by an ART clinic and the bank should be responsible for the collection, storage and supply of gamete.

सर, दोनों बिल्स में जो फर्क है, उस मुद्दे को लेकर और अन्य दो-तीन बातें करके मैं अपनी बात खत्म करूंगा। Although the Bill and the SRB regulate ARTs and surrogacy respectively, there is a considerable overlap between both the sectors. Yet the Bills do not work in tandem. हम चाहते हैं कि दोनों बिल्स एक साथ काम करें।

Core ART processes are left undefined. Several of these are defined in the SRB but not in the Bill. Definitions of commissioning couple, infertility, ART clinics and banks need to be synchronised between the Bills. A single woman cannot commission surrogacy but can access ART. The Bill designates Surrogacy Boards under the SRB to function as advisory bodies for ART which is desirable.

However, both will set up multiple bodies for registration which will result in duplication or worse lack of regulation. Surrogacy clinic is not required to report surrogacy to National Registry. Also, the same offending behaviours under both the Bills are punished differently and punishments under the SRB are greater. Offences under the Bill are bailable, but not under the SRB.

Finally, records have to be maintained for ten years under the Bill, but for 25 years under the SRB. The same actions taken by a surrogacy clinic and ART clinic which are likely to be the same entity but may attract varied regulation. The Bill requires clinics and banks to maintain a grievance cell but these will be one-sided. Clinics must instead have ethics Committee. क्योंकि इसमें सोशल, एथिकल, रिलीजियस, इकोनॉमिकल, पॉलिटिकल बहुत सारी चीजें आ जाती हैं। इसमें एथिक्स कमेटी की जरूरत है, क्योंकि हमारा देश एथिक्स को मानकर चलता है और आप हमसे ज्यादा मानते हैं।

मैं इसलिए मांडविया जी को कह रहा हूं कि Mandated counselling services should also be independent of the clinic. क्लिनिक की काउंसलिंग सर्विस को किसी की रसूख से बाहर लेकर आना चाहिए। The SRB and the Bill impose high sentences (8-12 years) and hefty fines. आप जानते हैं कि प्री-कंसेप्शन एण्ड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक एक्ट, वर्ष 1994 में लागू हुआ था। उसमें क्या निकला? The PCPNDT Act, 1994 demonstrates that enhanced punishments do not secure compliance. Lawyers and judges also lack medical expertise. Patients already sue fertility clinics in consumer redressal fora which is preferable to criminal courts. Unusually, the Bill requires all bodies to be bound by the directions of Central and State Governments in the national interest and friendly relations with foreign States. इसमें विदेशों से बहुत सारे लोग आते हैं। विदेशों से हिन्दुस्तान के इस डेस्टिनेशन पर आने की एकदम होड़ लगी है, क्योंकि वे जानते हैं कि हिन्दुस्तान में सस्ते में फर्टिलिटी हो सकती है। Public order, decency and morality are being broadly phased. आजादी को हम किसी हालत में वंचित नहीं होने देंगे, हमें यह सोचना चाहिए। मैं साथ ही साथ यह कहूंगा कि आप दोबारा फिर से सोचिए कि दोनों बिलों में कोई कॉन्फ्लिक्ट न बन जाए – सरोगेसी एण्ड एआरटी। लेजिस्लेशन लाने का यह मकसद कभी नहीं होना चाहिए। मैं मौके का फायदा उठाते हुए, अंत में एक सवाल पूछना चाहता हूं कि आपने वादा किया था, सरकार ने वादा किया था कि दिसम्बर महीने के अंदर हिन्दुस्तान में सभी को दो टीके लग जाएंगे। अभी थर्ड वेव आने वाली है।

माननीय अध्यक्ष : इस पर कल चर्चा करेंगे।

श्री अधीर रंजन चौधरी: मैं यह भी आपसे जानना चाहता हूं कि आपने इसके लिए क्या तैयारी की है? मैंने यह पहले ही कह दिया था कि मौके का फायदा उठाकर पूछ रहा हूं। मैं यह बिल प्रिंसिपल मानता हूं और सरकार से निवेदन करूंगा कि हमने, विपक्ष की तरफ से, जो बात रखी है, उस बात को मद्देनजर रखते हुए ठोस कार्रवाई कीजिए, यह आपसे निवेदन है। धन्यवाद।

श्री मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष महोदय, असिस्टेड रीप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी बिल, 2020 पर सम्मानीय 18 सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उनमें श्री कार्ती चिदम्बरम जी, हिना गावीत जी, डॉ काकोली घोष जी, डॉ. बी. वी. सत्यवती जी, डॉ. आलोक कुमार सुमन जी, संगीता आजाद जी, सुप्रिया सुले जी, अनुभव मोहंती जी, रीता बहुगुणा जी, ए. एम. आरिफ जी, हसनैन मसूदी जी, प्रेमचन्द्रन जी, नवनीत रवि राणा जी, प्रतिमा मण्डल जी और लास्ट में अधीर रंजन चौधरी जी हैं। आप सब लोगों ने अपने सुझाव विस्तार से दिए हैं।

मेरी अपेक्षा है कि मैं आप सभी को विस्तार से रिप्लाई दूं, जिससे आपको भी सैटिस्फेक्शन हो। आपका सुझाव यहां विस्तार से कैसे माना गया है और इस बिल में कैसे उसकी आपूर्ति की गई है, मैं बिल के ऊपर प्रारंभ करूं, उसके पहले मैं स्टैंडिंग कमेटी के सम्माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

उन्होंने न केवल यह बिल देखा, बल्कि विस्तार से उस पर गहन अध्ययन भी किया है, बिल को एक धभकार दिया। उन्होंने 46 सुझाव दिए हैं। उनमें से आपके 22 सुझाव सीधे तौर पर, अभी मैं अमेंडमेंट के रूप में यहां लाया हूं और 24 सुझाव ऐसे हैं, हम उनमें से कई सुझाव नियम में भी ले सकते हैं। इस तरह से आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

आज कुल 18 सम्मानीय सदस्यों ने अपने विषय यहां रखे हैं। मैं अपनी भावना व्यक्त करना चाहता हूं कि यह इंडस्ट्री नहीं है। किसी माता-पिता को संतान चाहिए, मातृत्व चाहिए। यह मातृत्व के साथ जुड़ा हुआ विषय है। यह माता-पिता बनने का विषय है, इसलिए उसको इंडस्ट्री को रूप में न देखा जाए। इन भावनाओं को ध्यान में रख कर सारा फ्रेम वर्क किया गया है। जब मैं स्टेंडिंग कमेटी के बाद मंत्री बना, तो मैंने उसके लिए एक बार फिर से विस्तार से public consultation, stakeholder consultation किया। कई लोगों के सुझाव लिखित रूप में आए थे और जिन्होंने वेबसाइट पर अपने सुझाव दिए थे, हम ने उनको भी विस्तार से देखा और उनमें से जो कुछ भी ऐड करने की आवश्यकता महसूस

हुई, उसे हम ने विस्तृत रूप से ऐड भी किया है। ऐसे कई विषय थे। एक 26 साल की महिला थी। उसकी retrieval के दौरान मृत्यु हो गई थी। ऐसी स्थिति में उनका ख्याल रखना आवश्यक होता है। हम उसको कैसे उसमें ऐड करें, इस दृष्टि से बिल को तैयार किया गया है। ऐसी भी कई शिकायतें आई हैं, ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, मैं कई जगह ऐसा नहीं कह सकता हूं, लेकिन युवा महिलाओं के वूम का कई जगहों पर कामर्शियल यूज भी हुआ है। ऐसी शिकायतें हमारे सामने आई हैं, इसलिए कोई unethical practice न हो जाए, यह भी बहुत आवश्यक है। हम ने उसको भी बिल में मेंशन किया है। एक 74 साल की महिला ने इस सिस्टम का उपयोग करते हुए एक बच्चे को जन्म दिया। एक एज के बाद यह प्रैक्टिस न हो, यह फिजिकली बहुत आवश्यक होता है। हम ऐसी प्रैक्टिसेज को कैसे रोकें? यह 40-42 साल से चल रहा है, लेकिन उसको रेग्युलेट करना है, यह बहुत आवश्यक है। हम उसे रेग्युलेट नहीं करेंगे, तो ऐसी unethical practices बढ़ती जाएंगी और एक इंडस्ट्री का स्वरूप धारण कर लेंगी, यह बिलकुल उचित नहीं है। इस दृष्टि से कोई unethical preservation न हो, वह भी देखने की आवश्यकता है। Sex selection भी हो जाता हो, यह कभी नहीं होना चाहिए, उसे भी रेग्युलेट करना था। Multiple embryo transplant करने के संबंध में हमें शिकायत और इंफॉर्मेशन मिली थी। एक-दो जगह पर ऐसे advertisement भी आ रहे थे। जिसमें caucasian gametes के लिए जहरात होती थी। यह बहुत गलत है। Gametes की मिक्सिंग हो जाए, यह प्रैक्टिस बन जाए कि हमें इस टाइप का gametes चाहिए, इस टाइप का बच्चा चाहिए, गोरा बच्चा चाहिए, एआई वाला बच्चा चाहिए, वह तो बहुत गलत हो जाएगा। हमें उसे कैसे रेग्युलेट करें, इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, आज भी एआरटी हो रहा है, ऐसे बहुत से क्लिनिक्स हैं, लेकिन उनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। हमें यह पता नहीं है कि यह कौन कर रहा है? ऐसे ही एआरटी के लिए, एम्ब्रियो के लिए जो बैंक है, उसका भी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। एआरटी सर्विस किसको लेना है, किस को नहीं लेना चाहिए, इसके लिए कोई न कोई एज फिक्स होनी चाहिए, यह भी नहीं है। जो डोनर है, उस वक्त जो वूम लेना है, उसको जो ट्रीटमेंट करनी पड़ती है, hormone treatment करनी पड़ती है, इसलिए कभी-कभी महिला के हेल्थ पर निगेटिव असर पड़ता है। जैसा कि मैंने बताया है कि किसी-किसी महिला की

मृत्यु भी हो जाती है, उसका इंश्योरेंस हो, यह बहुत आवश्यक होता है। इसलिए हम ने उसमें व्यवस्था की है।

जब इस प्रैक्टिस का उपयोग करके कोई महिला माँ बनना चाहती है, तो वह कितना एम्ब्रियो ले, इसको भी रेगुलेट करना आवश्यक है क्योंकि दो-तीन एम्ब्रियो लेने से दो बच्चे या तीन बच्चे हो जाएं, यदि कोई यह भावना पूर्ण करने की कोशिश करे, तो यह भी उचित नहीं होगा। इसके लिए भी इस बिल में व्यवस्था की गई है।

यहाँ कई सम्माननीय सदस्यों ने अन-एथिकल प्रैक्टिस से संबंधित विषय उठाये। लोगों ने कहा कि उसमें जेल की सजा नहीं होनी चाहिए। यदि कोई अन-एथिकल प्रैक्टिस करे, उसको तो हम नहीं बख्श सकते हैं। ऐसा कोई कानून नहीं बनाया जा सकता है, जिसमें कोई इस तरह का फ्रॉड करके बच जाए। हालांकि हम डॉक्टर्स की इज्ज़त करते हैं, हर डॉक्टर ऐसा करेगा, यह भी नहीं है। यहाँ यह उल्लेख किया गया कि कोविड की स्थिति में देश को डॉक्टर्स ने बचाया। आज नहीं, बल्कि सदियों से हम डॉक्टर्स का सम्मान करते हैं, लेकिन इस तरह की किसी भी अन-एथिकल प्रैक्टिस के लिए हम कभी इजाज़त नहीं दे सकते हैं। इस दृष्टि से, इस बिल में सजा का प्रावधान किया गया है। ... (व्यवधान) गलती करे, ऐसा नहीं है, अगर कोई अन-एथिकल प्रैक्टिस करे, तो ऐसा नहीं होना चाहिए। अगर कोई अन-एथिकल प्रैक्टिस करके बच्चे का सेक्स बता दे, ऐसा नहीं हो सकता है।

कोई ऐसी प्रैक्टिस कर ले, जिससे महिला को नुकसान हो जाए। कोई कमर्शियली ओवम और एम्ब्रियो बेचने लगे, प्राइवेट बिज़नेस करना शुरू कर दे। यह तो समाज के लिए बहुत ही दुखद स्थिति साबित हो सकती है। इसलिए इन सारी स्थितियों में, हालांकि सभी स्थितियों में जेल भेजा जाए, इसकी आवश्यकता नहीं है। इन सारी बातों को देखते हुए, हमने इस बिल में प्रावधान किया है।

सम्माननीय सदस्यों ने अपने-अपने विषय रखे हैं। उन सभी को मैं एक के बाद एक लूँगा। उन्होंने अपने सुझाव दिए हैं, मैं उनके सुझावों को भी इसमें ऐड करना चाहूंगा। इससे संबंधित अन्य कानून में भी दण्ड का प्रावधान है, सजा है।

ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्युमन ऑर्गन एक्ट में भी दस साल की सजा है। पीएनडीटी एक्ट में भी सजा है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में भी सजा है। सरोगेसी बिल में भी सजा का प्रावधान रखा गया है और इसी हाउस ने उसको पारित किया है। इसलिए कोई अन-एथिकल प्रैक्टिस करे, तो उसको दण्डित करना चाहिए। यह भी आवश्यक है।

यहाँ यह विषय भी उठाया गया कि आप महिला से माँ बनने का अधिकार नहीं छीन सकते हैं। हम यह अधिकार नहीं छीनना चाहते हैं। हर महिला माँ बन सके, उसके लिए आपने जो सुझाव दिया था, उस सुझाव को हमने माना भी है। सिंगल मेन के अलावा, 21 वर्ष से ऊपर की महिला अगर सिंगल है, तो वह ऐसा कर सकती है। आज अकेले पुरुष के लिए भी गोद लेने का अधिकार नहीं है। इसलिए कोई महिला अगर 21 साल से ऊपर की है, तो उसके लिए भी छुट्टी की व्यवस्था है, हम उसे भी प्रतिबंधित नहीं रख रहे हैं।

यहाँ यह बात भी आई कि विडो महिला के लिए भी छुट्टी होनी चाहिए और डायवोर्सी महिला के लिए भी छुट्टी होनी चाहिए। इसकी व्यवस्था सरोगेसी बिल में है ही। विडो और डायवोर्सी महिला के लिए, 35 से 45 साल की महिला के लिए सरोगेसी के माध्यम से माँ बनने का अधिकार प्राप्त हुआ है। उसमें 21 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाएं एआरटी का यूज कर सकती हैं। यह सुझाव भी हमने मान लिया है ताकि भविष्य में कोई महिला मातृत्व चाहती है, तो वह माँ बन सके।

माननीय कार्ती जी अपनी बात रखते हुए जो कह रहे थे, मैं उनका जवाब देना चाहूंगा। ... (व्यवधान) श्री प्रेमचन्द्रन जी जो विषय यहाँ रख रहे थे, आपने कहा कि दो बोर्ड क्यों बना रहे हैं, एक बोर्ड ही बनाना चाहिए। एक बोर्ड बनाने के लिए यह विषय हमें यहाँ लेकर आना पड़ा। स्टैंडिंग कमेटी ने कहा कि दोनों बिल्स, एक में कोख दूसरी महिला को देना है। अगर पत्नी को बच्चा नहीं हो रहा है, अगर उसमें कोई कमी है या वह अपने यहाँ बच्चा नहीं पैदा करना चाहती है, तो तीसरे को गोद लेती है। इसमें थर्ड पार्टी आ जाती है, तो यह सरोगेसी हो जाती है।

एआरटी में महिला को बच्चा चाहिए, लेकिन उसकी फर्टिलिटी में कोई कमी है, ऐसी किसी त्रुटि के कारण वह एम्ब्रियो बाहर से बनवाकर अपने में इंप्लांट करवाती है, तो वह एआरटी बन जाता है। एआरटी और सरोगेसी में केवल इतना ही डिफरेंस है, इसलिए सम्माननीय स्टेंडिंग कमेटी ने उस पर बहुत विस्तार से डिस्कशन किया। विस्तार से डिस्कस करने के बाद उन्होंने डिसीजन लिया कि दो बोर्ड बनाने का कोई मतलब नहीं है, एक ही बोर्ड बनाया जाए और दोनों एक में ही काम करे और काम करने में उसे कोई दिक्कत न हो, उसकी भी इसमें सुविधा ऑटोमेटिकली हो जाएगी।

इसके अलावा यहां एक और विषय रखा गया था, आपने कहा कि आपका औसिट डोनर परिणित महिला ही होनी चाहिए। आपने यह भी कहा कि एआरटी क्लिनिक पर कैसे नियंत्रण करेंगे? रजिस्ट्रेशन में ऑटोमेटिकली उसका नियंत्रण हो जाए, ऐसी व्यवस्था उसमें ऑलरेडी की गई है। इसके अलावा डॉ. हिना जी ने एक बहुत अच्छी बात कही, उन्होंने कहा कि इसमें कपल के साथ काउंसलिंग करनी चाहिए, यही अच्छी बात है। देश में आज बहुत बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे हैं, क्या काउंसलिंग करवाकर हम उनका अडॉप्शन नहीं करवा सकते? अडॉप्शन करवाने की भी आवश्यकता है, जिससे उसको बच्चा भी मिल जाए और उसका मातृत्व का भाव भी पूर्ण हो। इस दृष्टि से हिना जी का भी सुझाव बहुत अच्छा है और उसको हमें सामाजिक तौर पर लेना भी चाहिए।

श्रीमती सुप्रिया सुले जी ने कहा कि सिंगल पुरुष को भी एआरटी का लाभ देना चाहिए। यह विषय सामाजिक भी है, बच्चों के विकास के साथ भी जुड़ा हुआ है और मातृत्व के साथ भी जुड़ा हुआ है। हमारा कानून भी प्रतिबंधित करता है कि हम पुरुष को अडॉप्शन के लिए, किसी को गोद लेने की अनुमति दें, इसलिए हमने यह प्रावधान नहीं रखा है। आपने जेनेटिकल टेस्टिंग की बात कही है, जेनेटिकल टेस्टिंग का विषय सभी केसेस में नहीं करना है, लेकिन कभी किसी केस में कोई कमी दिखाई दी, जैसे कोई एम्ब्रियो लिया और वह एम्ब्रियो नार्मल नहीं लगा, ऐसी स्थिति में ही जेनेटिक टेस्टिंग करनी है, बाकी जेनेटिक टेस्टिंग का प्रावधान नहीं रखा है और न ही रखना चाहिए।

यह सरोगेसी बिल नहीं है, यह एआरटी बिल है, इसलिए मैं आपके अन्य क्वेश्चन्स का रिप्लाई नहीं दे रहा हूं। श्रीमती संगीता आज़ाद जी ने कहा कि उसमें आप गेमिट्स कितने समय तक रखेंगे? यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है और जब हम नियम बनाएंगे, तब इसको एड भी कर लेंगे। अविवाहित महिला के विषय का जो प्रश्न था, मैंने उसका रिप्लाई ऑलरेडी दे दिया है कि वह वूम्ब नहीं दे सकती, ताकि यह एक एथिकल प्रैक्टिस रहे और कमर्शियल न हो जाए। कई ऐसी घटनाओं का मैं पार्लियामेंट के फ्लोर पर उल्लेख नहीं करना चाहता हूं, लेकिन एक महिला 21 वर्ष के बाद एक बार ही एआरटी के लिए अपना वूम्ब दे सके, यह जरूरी है, ताकि आज के बदलते समय में यह व्यापार न बन जाए, बिज़नेस न बन जाए। ... (व्यवधान) हम इसे इंडस्ट्री के रूप में नहीं देखना चाहते हैं, इसलिए इसको कंट्रोल किया गया है और यह सुझाव भी स्टेंडिंग कमेटी ने बहुत परामर्श के बाद ही दिया है और उसको हमने माना है। ... (व्यवधान)

एलजीबीटी का भी उल्लेख किया गया। डॉ. कोल्हे जी ने उल्लेख किया कि एलजीबीटी को भी उसका लाभ मिलना चाहिए। स्वाभाविक तौर पर एक सिंगल महिला इसका लाभ ले सकती है। इससे ऑटोमेटिकली उसका लाभ भी मिल जाएगा, उसमें कोई दिक्कत नहीं है। आपने एक बात कही, जिससे मैं थोड़ा असहमत हूं। आपने मेंबर्स के लिए कहा, मेंबर्स के लिए आपने शब्दों का प्रयोग किया कि कौन ऐसा ... * है, जिन्होंने यह बना दिया, ऐसे मत कहिए क्योंकि उसमें टेन मेंबर्स एक्सपर्ट्स हैं, उसमें 10 मेडिकल प्रैक्टिशनर मेंबर्स लिए हैं।

मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर बोर्ड चलेगा। एग्जिक्यूशन करने के लिए एक एडमिनिस्ट्रेटर हो, it is one thing, लेकिन उसे गाइड करने वाला और उसका कैसे एग्जिक्यूशन करना है, उसके लिए 10 एक्सपर्ट लोगों की टीम होगी। डॉक्टर्स आपके ही क्लीग हैं, इसलिए उनके लिए ऐसे शब्द प्रयोग करने से मैं सहमत नहीं हूं। कुल-मिलाकर सभी विषयों पर मैंने बोल दिया है। एक विषय जेल की सजा का है। हम भी नहीं चाहते हैं कि किसी को जेल हो, लेकिन अनेथिकल प्रेक्टिस देख कर न करें। कुल-मिलाकर यह बिल बहुत सोच-विचार करने के बाद लोक सभा में लाए हैं। लोक सभा से यह बिल पारित होने के बाद राज्य सभा में सरोगेसी बिल पेंडिंग है यहां प्रेमचन्द्रन जी उल्लेख कर रहे थे

और बहुत स्ट्रोंग्ली कोट कर रहे थे, नियम-66 का जिक्र कर रहे थे लेकिन उसका भी समाधान जब यह बिल बनाया गया और जब लीगल फ्रेम वर्क में उसके लिए डिस्कस किया गया और लीगल डिपार्टमेंट को भेजा गया, तब उन्होंने कॉलम-6 क्लाज में लिख ही दिया है कि यह बिल तब लागू होगा जब सरोगेसी बिल पास होगा। यह बात बिल में ही मेंशन की गई है, इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है। उसका इम्प्लीमेंटेशन वैसे भी नहीं रुकेगा। वहां जब यह बिल पास होगा, तभी इम्प्लीमेंटेशन होगा।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Suppose the other House does not pass the Bill, what would be the fate of Clause 3, Clause 4, Clause 6, and Clause 7?

श्री मनसुख मांडविया : मैं बहुत ज्ञाता तो नहीं हूं, लेकिन जब आपने क्लाज-66 की बात कही, तब मैंने बुक में देखा। इस बिल में सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। कई महत्वपूर्ण सुझाव जो बिल में नहीं हैं, जब नियम बनाएंगे, तब मैं अवश्य शामिल कर लूंगा। इसके अलावा भी किसी को कुछ कहना है, जो सदन में नहीं कह पाए हैं और आप चाहते हैं कि आप सुझाव दें, तो आप अवश्य दीजिए। जब रूल्स फ्रेम करेंगे तब अवश्य उन सुझावों को ध्यान में रखेंगे।

मैं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं और सभी सदस्य इसे सर्वानुमति से पारित करें, यह अपेक्षा रखता हूं।

DR. KAKOLI GHOSH DASTIDAR : Sir, through you, I want a clarification regarding the procurement of the ovum in the ovum bank. It is because the ovum is not available over the counter. It will have to be produced in a lab. So, if the bank, that is stated in the Bill, is not accompanied by a proper and a sophisticatedly-functioning IVF lab, then how will the bank store the ovum? The provision is there. So, how

will the ovum come to the ovum bank? There should be a properly-functioning and a well-equipped IVF lab along with it. So, is there any provision for that?

श्री मनसुख मांडविया : यह बहुत अच्छा सुझाव है। बैंक और क्लीनिक, दोनों को साथ में लिंक करेंगे और दोनों को साथ में ही मैनेज करेंगे, इस तरह की व्यवस्था जब हम नियम बनाएंगे, तब करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : कोई और माननीय सदस्य क्लैरीफिकेशन चाहता है? डेमोक्रेसी से सारे काम होने चाहिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी: मंत्री जी, पोस्थूमस रिप्रोडक्शन के लिए आपकी क्या राय है? यदि किसी की मृत्यु हो जाए और उनका ओवम बैंक में रखा है। वे अपनी इजाजत उसे यूज करने के लिए नहीं दे सकते हैं, उसके लिए क्या प्रोविजन है?

श्री मनसुख मांडविया : यह तो आपसी सहमति से ही हो सकता है।

प्रो. सौगत राय (दमदम): यदि कोई मर जाता है और उसका स्पर्म प्रिजर्व्ड है। माननीय सदस्य ने पूछा है कि क्या उससे एआरटी से बच्चा हो सकता है?